





नवभारत
इंदौर, बुधवार, 1 जुलाई 2026



## एक नजर में

### पल्स पोलियो अभियान में घर-घर जाकर बच्चों को पिलाई जिंदगी की दो बूंद



**नाहरगढ़।** राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के अंतर्गत मंगलवार को नाहरगढ़ बस स्टैंड पर अभियान के तहत आंचलिक पत्रकार संघ ईकाई मंदसौर जिलाध्यक्ष तुलसीराम राठौर ने नौनिहालों को पोलियो की दो बूंद दवाई पिलाई। इस अवसर पर नाहरगढ़ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारी उपस्थित थे। स्वास्थ्य विभाग ने जिले के सभी अभिभावकों से अपील की है कि वे 0 से 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को पोलियो बूथ पर ले जाकर दो बूंद जिंदगी की अवश्य पिलाएं तथा जिले को पोलियो मुक्त बनाए रखने में सहयोग करें।

### प्रतिबंध के बावजूद मिनी गोवा पहुंच रहे पर्यटक, सुरक्षा व्यवस्था पर उठे सवाल



**भानपुरा।** मंदसौर जिले की भानपुरा तहसील स्थित ग्राम कंवला का डूब क्षेत्र, जिसे मिनी गोवा के नाम से पहचान मिली है, एक बार फिर चर्चा में है। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध लगाए जाने के बावजूद बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंच रहे हैं। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो और फोटो में पर्यटक ऊंची चट्टानों से गहरे पानी में छलांग लगाते नजर आ रहे हैं, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले दो वर्षों में इस क्षेत्र में डूबने की कई घटनाएं हुई हैं। जुलाई 2025 में राजस्थान के कोटा जिले के दो युवकों की डूबने से मौत के बाद जिला प्रशासन ने इस डूब क्षेत्र में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके लिए मार्ग पर सूचना बोर्ड भी लगाए गए थे। हालांकि, प्रतिबंध के बावजूद मध्यप्रदेश, राजस्थान सहित अन्य राज्यों से पर्यटकों का यहां पहुंचना जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मौके पर न तो पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था है, न ही गोताखोरों या बचाव दल की तैनाती की गई है। ऐसे में किसी भी संभावित दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। सोशल मीडिया पर लगातार वायरल हो रहे वीडियो यह संकेत दे रहे हैं कि प्रतिबंध के प्रभावी पालन और निगरानी के लिए पर्याप्त इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और प्रतिबंध का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके।

# जय जगन्नाथ से गूंजा माहौल, झूम उठे श्रद्धालु...

**मंदसौर। इस्कॉन मंदसौर द्वारा देवी अहिल्याबाई होलकर कंबल केंद्र के समीप स्थित गार्डन परिसर में भगवान जगन्नाथ, भगवान बलदेव और सुभद्रा महारानी का पारंपरिक स्नान महोत्सव श्रद्धा एवं उल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे हजारों श्रद्धालुओं ने भगवान का अभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया तथा हरिनाम संकीर्तन में शामिल होकर भक्तिमय वातावरण का अनुभव किया।**



शुभारंभ हरिनाम संकीर्तन से हुआ। हरे कृष्ण महामंत्र के सामूहिक कीर्तन के बीच भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा महारानी के विग्रहों का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अभिषेक किया गया। भगवान का स्नान दूध, दही, घी, शहद, विभिन्न फलों के रस सहित 16 प्रकार के सुगंधित एवं पवित्र द्रव्यों से संपन्न हुआ। इसके बाद श्रद्धालुओं को भी अपने हाथों से भगवान का अभिषेक करने का अवसर मिला। अभिषेक के उपरांत भगवान को छप्पन भोग अर्पित किया गया।

आयोजन के दौरान भगवान जगन्नाथ के पंडाल में आगमन पर आयोजित पांडु उत्सव श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। संकीर्तन एवं जयघोष के बीच पूरा परिसर आध्यात्मिक वातावरण से गुंजायमान हो उठा। कार्यक्रम में इस्कॉन उज्जैन से केशव प्रभु एवं अनिरुद्ध प्रभु गौर-निताई के विग्रहों के साथ पहुंचे। उन्होंने संकीर्तन एवं प्रवचन के माध्यम से उपस्थित श्रद्धालुओं को भक्ति का संदेश दिया। देर रात तक चले इस आयोजन में श्रद्धालु हरिनाम संकीर्तन में भाव-विभोर होकर झूमते रहे।

विशेष आकर्षण इस्कॉन मंदसौर की यूथ कीर्तन टीम रही। छह वर्ष के बालकों से लेकर युवाओं तक की इस टीम ने मृदंग, करताल एवं ड्रम की संगत पर भक्तिमय कीर्तन प्रस्तुत कर पूरे परिसर को संकीर्तनमय बना दिया। युवाओं की प्रस्तुति को श्रद्धालुओं ने खूब सराहा। कार्यक्रम में पूर्व विधायक यशपाल सिंह सिसोदिया सहित शहर के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। इस्कॉन मंदसौर के वरिष्ठ सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाओं में सक्रिय भूमिका निभाई। इस्कॉन मंदसौर के धीर कृष्ण दास प्रभु ने बताया कि भगवान जगन्नाथ का स्नान महोत्सव भक्तों के लिए आध्यात्मिक आनंद एवं भक्ति का विशेष अवसर होता है। आयोजन में श्रद्धालुओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने कार्यक्रम को सफल एवं यादगार बना दिया।

# जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनीं 83 लोगों की समस्याएं

**मंदसौर।** जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर अदिती गर्ग और अपर कलेक्टर एकता जायसवाल ने 83 आवेदकों की समस्याएं सुनीं। जनसुनवाई में लोगों द्वारा प्रस्तुत आवेदन और शिकायतों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया।

कलेक्टर अदिती गर्ग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आने वाले विशेष मामलों में अधिकारी उसी दिन निराकरण करें। समस्याओं का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए और किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। लोगों को न्याय दिलाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रकरणों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं आवश्यक निर्देश जारी किए। ग्राम नगरी निवासी बालमुकुंद ने स्वयं की भूमि पर कब्जा दिलवाने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर तहसीलदार दलौदा को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी तरह अफजलपुर निवासी प्रभाशंकर ने कृषि भूमि की रजिस्ट्री व नामांतरण करवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार मंदसौर को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डुंगलावदा निवासी भेरूलाल ने भूमि का कब्जा दिलवाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया, जिस पर तहसीलदार मल्हारगढ़ को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। पट्टा दिलवाने, सीमांकन, अतिक्रमण हटवाने और अन्य आवेदन भी आए।

# मंदसौर जिले के स्कूलों में आज से चलेगा तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान

**मंदसौर।** जिले के समस्त शासकीय और अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों और शिक्षकों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के लिए एक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के अनुसार, यह तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम 1 जुलाई से 13 अगस्त तक लगातार चलेगा। इसका मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं और शिक्षक वर्ग को तंबाकू के सेवन से होने वाले गंभीर नुकसान और बीमारियों के प्रति सचेत करना है। यह रचनात्मक पहल मजदूर कल्याण समिति (मध्य प्रदेश) के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार के पत्र और जिला कलेक्टर के समन्वय से आयोजित की जा रही है। अभियान के सुचारू और सफल संचालन के लिए जिला शिक्षा अधिकारी ने जिले के सभी संकुल प्राचार्यों, सरकारी हाईस्कूलों और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के संस्था प्रमुखों को निर्देशित किया है कि वे अपने विद्यालयों में तैयारियां समय पर पूरी कर लें। कार्यक्रम के दौरान स्कूलों में मां सरस्वती की प्रतिमा, पीने के साफ पानी की उपलब्धता, साउंड सिस्टम की व्यवस्था और बच्चों व अतिथियों के बैठने के लिए कुर्सियों आदि रहेंगी।

# जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन, छात्र लाएंगे बदलाव : पं. मिथिलेश

**मल्हारगढ़।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, मल्हारगढ़ द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन कार्यक्रम पंडित अटल बिहारी वाजपेई महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कथा वाचक पं. मिथिलेश नागर एवं अध्यक्षता संकल्पित मंदसौर के संस्थापक दिलीप धनराज गुप्ता ने की। संचालन एवं आभार प्रदर्शन विकासखंड समन्वयक पं. विनोद गौड़ ने किया।

पं. मिथिलेश नागर ने कहा कि समाज कार्य विषय चुनने वाले विद्यार्थी समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने नेतृत्व विकास कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे समाज जागरण की प्रभावी पहल बताया।



अध्यक्षीय उद्बोधन में दिलीप धनराज गुप्ता ने कहा कि जनभागीदारी से ही जनकल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने विद्यार्थियों से केवल सोशल वर्क ही नहीं, बल्कि समाज पर सकारात्मक प्रभाव छोड़ने का आह्वान किया। विकासखंड समन्वयक पं. विनोद गौड़ ने जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्राचीन जल स्रोतों के संरक्षण एवं संवर्धन को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान का उद्देश्य पारंपरिक जल संरचनाओं के संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बद्रीलाल चौहान, प्रांजल गुप्ता, डॉ. कन्हैयालाल लोहार, नरेंद्र पांडे सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# रोटरी क्लब मंदसौर का गवर्नर विजिट और सम्मान समारोह संपन्न

**मंदसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर वर्ष 2025-26 का डिस्ट्रिक्ट गवर्नर विजिट एवं दानदाता-सहयोगी सम्मान समारोह स्थानीय प्रेम गार्डन में गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। समारोह में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा, फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा व असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी मुख्य अतिथि रहे।

शुभारंभ स्वागत उद्बोधन से हुआ। क्लब अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने कहा कि दानदाताओं एवं सहयोगियों के सतत सहयोग से ही रोटरी क्लब मंदसौर सेवा के अनेक अनुकरणीय प्रकल्प सफलतापूर्वक संचालित कर सका है। आगामी अध्यक्ष अनिल चौधरी ने वर्ष 2026-27 की प्रस्तावित सेवा योजनाओं एवं प्राथमिकताओं की संक्षिप्त जानकारी दी। असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी ने नॉर्थ क्लस्टर में रोटरी ग्रुप द्वारा संचालित विभिन्न ग्लोबल ग्रांट एवं सेवा प्रकल्पों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर सुशील मल्होत्रा ने अपने संबोधन में कहा कि डिस्ट्रिक्ट 3040 के 114 क्लबों में रोटरी क्लब मंदसौर ने इस वर्ष उत्कृष्ट कार्य करते हुए शीर्ष तीन क्लबों में स्थान बनाया है। उन्होंने बताया कि क्लब के माध्यम से रोटरी फाउंडेशन को लगभग 76 हजार अमेरिकी डॉलर का योगदान प्राप्त हुआ, जो क्लब के 49 वर्षों के इतिहास का सर्वाधिक योगदान है। उन्होंने यह भी बताया कि क्लब ने इस वर्ष चार ग्लोबल ग्रांट प्राप्त की हैं, जिनमें चार डायलिसिस मशीनों की ग्लोबल ग्रांट मात्र सात दिनों में स्वीकृत होना उल्लेखनीय उपलब्धि है। इस अवसर पर उक्त ग्लोबल ग्रांट के प्रमुख सहयोगी अशोक मारू एवं चंदा मारू का विशेष सम्मान किया गया।



समारोह में रोटरी क्लब मंदसौर के सभी पूर्व अध्यक्षों तथा वर्षभर विभिन्न सेवा प्रकल्पों में सहयोग देने वाले दानदाताओं का भी सम्मान किया गया। नगर के समाजसेवी राजाराम तंवर ने रोटरी क्लब के माध्यम से देहदान की घोषणा की, जिस पर क्लब परिवार ने उनका अभिनंदन किया। वहीं सत्यनारायण गर्ग (केडिया) परिवार द्वारा रोटरी मेडिकल बैंक के लिए चार नवीन ऑक्सीजन कंसंट्रेटर भेंट किए गए।

## नीमच


## एक नजर में

### शुभ प्रभात योग मित्र मंडल की नवीन कार्यकारिणी घोषित

**नीमच।** नि:शुल्क योग सेवा के क्षेत्र में अग्रणी समाजसेवी संगठन शुभ प्रभात योग मित्र मंडल के नवीन सत्र2026-27 कार्यकारिणी की घोषणा गांधी वटी का योग मैदान पर की जिसमें अध्यक्ष सुरेंद्र वाधवा टोनी, उपाध्यक्ष रमेश जायसवाल, सचिव राकेश पाटीदार, कनावटी, कोषाध्यक्ष डॉ विनोद शर्मा, सहसचिव प्रमोद गुप्ता ,संरक्षक तेजपाल जैन, गोविंद पोरवाल, डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जायसवाल,योग गुरु दिलीप चौधरी शिव माहेश्वरी, अनिल सिंहल ने सभी मण्डल के वरिष्ठ सदस्यों की आम सहमति से निर्विरोध निर्वाचन कार्यवाही कर नियुक्ति की गई। जिसमें कार्यकारिणी मीडिया प्रमुख संस्कृति सचिव दिलीप छाजेड़ , कार्यकारिणी सदस्य श्याम नौलखा ,संजय बिंदल, राधेश्याम पाटीदार, ओमप्रकाश भंसाली,को मनोनित किया गया। मंडल की महिला प्रकोष्ठ कार्यकारिणी की घोषणा भी अति शीघ्र सर्वसम्मति से की जाएगी।

### भारत विकास परिषद, नीमच शाखा द्वारा दो वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में 'एआई क्लॉड वर्कशॉप' का आयोजन

**नीमच।** सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद, शाखा नीमच के तत्वावधान में स्कूली विद्यार्थियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आधुनिक तकनीकों एवं उनके प्रभावी उपयोग से परिचित कराने के उद्देश्य से दो दिवसीय विशेष 'एआई क्लॉड वर्कशॉप' का आयोजन किया जा रहा है। परिषद के मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी, अध्यक्ष पुरुषोत्तम गुप्ता, सचिव सतीश गोयल एवं प्रोजेक्ट चेयरमैन अरविंद गोयल ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि वर्तमान समय में विद्यार्थियों के लिए एआई तकनीक का ज्ञान एवं उसका सही उपयोग अत्यंत आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यार्थियों को एआई के जिम्मेदार एवं प्रभावी उपयोग के प्रति जागरूक करने के लिए इस विशेष कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी मनोज माहेश्वरी ने बताया कि कार्यशाला का पहला सत्र 1 जुलाई, बुधवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नीमच में प्रात: आयोजित किया जाएगा, जिसमें विद्यार्थी एआई से संबंधित अपनी जिज्ञासाओं एवं शंकाओं का समाधान भी प्राप्त कर सकेंगे। वहीं दूसरा सत्र 2 जुलाई, गुरुवार को कार्मल कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, नीमच में आयोजित होगा, जिसमें भी प्रश्नोत्तर सत्र रखा गया है। इस कार्यशाला की मुख्य वक्ता एवं प्रशिक्षक सुश्री अरुषा गोयल (यूएसए) होंगी। सुश्री अरुषा गोयल कंप्यूटर साइंस इंजीनियर हैं तथा उन्होंने इंटरनेशनल मैनेजमेंट में एमबीए किया है। उन्हें सूचना प्रौद्योगिकी (ढ्ढञ्), बिजनेस कंसल्टिंग, प्रोग्राम मैनेजमेंट एवं टेक्नोलॉजी लीडरशिप के क्षेत्र में 25 वर्षों से अधिक का व्यापक अनुभव प्राप्त है। पिछले कुछ वर्षों से वे विशेष रूप से विद्यार्थियों एवं नए शिक्षार्थियों के लिए एआई टूल्स, वर्कफ़्लो तथा जिम्मेदार एआई के प्रशिक्षण एवं जागरूकता के क्षेत्र में कार्य कर रही हैं। नीमच के विद्यार्थियों के लिए यह एक विशेष एवं दुर्लभ अवसर होगा, जब उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर की विशेषज्ञ से सीधे कृत्रिम बुद्धिमत्ता की आधुनिक तकनीकों एवं उनके व्यावहारिक उपयोग की जानकारी प्राप्त करने का अवसर मिलेगा।



# सीएम डॉ. यादव ने भादवा माता कॉरिडोर के लिए दी शेष राशि

▶ विधायक दिलीपसिंह परिहार की लगातार की गई मेहनत लाई रंग

**नीमच। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नीमच आगमन पर क्षेत्रीय विधायक दिलीपसिंह परिहार का क्षेत्र के विकास के लिए किया जा रहा लगातार प्रयास सार्थक सिद्ध हुआ। अपनी सहज और मर्मस्पर्शी कार्यशैली के लिए पहचाने जाने वाले विधायक परिहार ने मुख्यमंत्री के समक्ष क्षेत्र के विकास की अनेक मांगें रखीं, जिन्हें मुख्यमंत्री ने सहर्ष स्वीकार कर नीमच वासियों को बड़ी सौगातें दीं।**

विधायक परिहार की सरल एवं सहज कार्यशैली से प्रभावित प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने नीमच विधानसभा के सावन में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु लगभग 2.65 लाख की स्वीकृति, नवीन 650 बेड अस्पताल की सैद्धान्तिक स्वीकृति, 13 करोड की लागत से गर्ल्स कॉलेज नीमच में मिनी स्टेडियम, मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज, नवीन जिला न्यायालय परिसर सहित शिक्षा, स्वास्थ्य, सडक एवं औद्योगिक क्षेत्र विकास के लिए लगातार करोडों रूपए की सौगात दी हैं। विकास की इस श्रृंखला में मुख्यमंत्री द्वारा भादवामाता कॉरिडोर के लिए शेष 17 करोड़ रूपए की राशि की स्वीकृति क्षेत्र के लिए बडी सौगात है। बघाना एवं हिंगोरिया ओवर ब्रिज तथा 133 फोरलेन निर्माण सहित नीमच विधानसभा के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में चारों ओर विकास कार्य निरंतर चालू हैं। कुल मिलाकर, अपने सीधे और सरल स्वभाव से पहचान रखने वाले विधायक दिलीपसिंह परिहार (बापू) एक बार फिर नीमच के चौमुखी विकास के लिए बड़ी बाजी मार ले गए हैं।



**भादवामाता कॉरिडोर के लिए मिलेंगे 17 करोड़ रुपये:** विधायक दिलीपसिंह परिहार लंबे समय से प्रयासरत थे कि प्रसिद्ध धार्मिक स्थल भादवामाता कॉरिडोर के शेष निर्माण कार्यों के लिए शासन स्तर से राशि शीघ्र जारी हो। इसके लिए उन्होंने भोपाल में भी कई बार मुलाकातें की थीं। आज नीमच आगमन पर मंच से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से चर्चा करते हुए विधायक परिहार ने कहा - ''मेरी एक ही माँग है कि भादवामाता कॉरिडोर के लिए शेष 17 करोड़ रुपये की राशि शीघ्र जारी की जाए, ताकि आगामी सिंहस्थ से पूर्व सभी निर्माण कार्य पूरे हो सकें और यहां श्रद्धालुओं को किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस माँग को तत्काल स्वीकार करते हुए राशि जल्द से जल्द उपलब्ध कराने का स्पष्ट आश्वासन दिया।

**मंच पर छाए रहे विधायक परिहार, मुख्यमंत्री ने दी बधाई:** अपनी सादगी और मजबूत इच्छाशक्ति के धनी विधायक दिलीपसिंह परिहार आज कार्यक्रम के दौरान पूरे समय मंच पर छाए रहे। मुख्यमंत्री और उनके बीच का आत्मीय तालमेल साफ दिखाई दे रहा था। नीमच से विदा लेते समय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधायक परिहार की पीठ थपथपाई और बधाई भी दी।

# अतिक्रमण से सिकुड़ा भरभड़िया का संपर्क मार्ग, ग्रामीणों ने जनसुनवाई में लगाई गुहार

**नीमच।** जिले के ग्राम भरभड़िया का प्रमुख संपर्क मार्ग अतिक्रमण की चपेट में आने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मंगलवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंचे और जनसुनवाई में कलेक्टर को आवेदन सौंपकर सड़क एवं नाले से अतिक्रमण हटाने तथा मार्ग को पुन: सुचारु कराने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि 2004-05 में शासन द्वारा नायरा पेट्रोल पंप से ग्राम भरभड़िया तक एक किलोमीटर लंबी संपर्क सड़क का निर्माण कराया गया था। यह मार्ग गांव के किसानों, स्कूली छात्र-छात्राओं तथा श्मशान, ईदगाह और अन्य सार्वजनिक स्थलों तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि कुछ लोगों ने सड़क किनारे बने नाले और शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर सड़क की चौड़ाई कम कर दी है। इससे दो वाहनों का एक साथ निकलना मुश्किल हो गया है और दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है। नालों की निकासी बाधित होने से सड़क पर जलभराव हो जाता है, जिससे किसानों को ट्रैक्टर-ट्रॉली और कृषि उपकरण लेकर खेतों तक पहुंचने में परेशानी होती है। इससे खेती-किसानी का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर पूर्व में भी कई बार प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने कलेक्टर से मांग की कि सड़क और नाले से अतिक्रमण हटाकर आवश्यक निर्माण कार्य कराया जाए, ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित और निर्बाध आवागमन की सुविधा मिल सके।

# अपर कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनीं लोगों की समस्याएं

**नीमच।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष, नीमच में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री बी.एस. कलेश ने जिलेभर से आए नागरिकों की समस्याएँ गंभीरता से सुनीं तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्रकरणों का नियमानुसार एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों में शासकीय भूमि एवं मार्ग से अतिक्रमण हटाने, भूमि सीमांकन, खेत एवं मकान का कब्जा दिलाने, पट्टा प्रदान करने, राजस्व अभिलेखों में इंद्राज दुरुस्ती, शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने, खेत तक आवागमन के लिए मार्ग उपलब्ध कराने, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं शौचालय योजना का लाभ दिलाने, बीमा राशि एवं अंत्येष्टि सहायता स्वीकृत कराने,अवैध ऋण वसूली पर कार्रवाई, पारिवारिक विवाद, मारपीट, बुजुर्गों के साथ दुर्व्यवहार तथा अन्य राजस्व एवं सामाजिक सुरक्षा संबंधी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्रस्तुत किए गए। अपर कलेक्टर कलेश ने सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक जांच कर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई करने तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य समस्याओं का जल्द निराकरण है।

## एक नजर

### पूर्व अध्यक्ष रोटे. आशीष गर्ग 'गवर्नर रत्न अवार्ड' से सम्मानित

# रोटरी डायमंड क्लब को मिले अनेक अवार्ड

**नीमच।** सामाजिक सेवागतियों में अग्रणी संस्था रोटरी क्लब ऑफ़ नीमच डायमंड नें ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर, इंदौर में रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3040 द्वारा आयोजित आभार अवार्ड सेरेमनी में शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए 10 प्रतिष्ठित डिस्ट्रिक्ट अवार्ड जिसमे डायमंड गार्डन, कवि सम्मेलन, 100% फाउंडेशन गिविंग क्लब, आउटस्टैंडिंग क्लब ऑफ़ द ईयर, ब्रोंज मेंबरशिप चैंपियन अवार्ड, कंसिस्टेंट पब्लिक इमेज प्रोजेक्ट, ट्री प्लांटेशन,ब्लड डोनेशन, नेशनल डे सेलिब्रेशनस,स्पेशल डे सेलिब्रेशन और भी अन्य अनेक अवार्ड अपने नाम किए।



यह उपलब्धि क्लब अध्यक्ष रोटे. सौरभ शर्मा के नेतृत्व में रोटरी वर्ष 2025-26 के दौरान किए गए उत्कृष्ट सेवा कार्यों, नवाचारपूर्ण परियोजनाओं एवं समाजहित में किए योगदान का परिणाम रही। समारोह में क्लब के पूर्व अध्यक्ष रोटे. आशीष गर्ग को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व, समर्पण एवं रीजनल स्तर पर किए गए प्रभावशाली कार्यों के लिए आउटस्टैंडिंग रीजनल कोऑर्डिनेटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उन्हें 'गवर्नर रत्न अवार्ड' भी दिया। यह विशेष सम्मान डिस्ट्रिक्ट के चुनिंदा रोटेरियन्स को रोटरी के प्रति उनके असाधारण योगदान एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. सुशील मल्होत्रा, फर्स्ट लेडी रूबी मल्होत्रा, इवेंट चेयरमैन रोटे. मनोज चंडक, डिस्ट्रिक्ट लर्निंग फैसिलिटेटर एवं पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. गजेन्द्र एस. नारंग की मौजूदगी में दिए गए।